हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

14 जय खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष...

14 समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी...




# छात्रों के जिज्ञासुपन और अनुशासन से प्रभावित हुए कमिश्नर कावरे

## संभागीय कमिश्नर कांवरे ने किया स्कूलों का निरीक्षण, विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रायपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे द्वारा जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा एवं सेजेस तुमाडबरी नयापारा का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

कमिश्नर कावरे ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में प्रत्येक कक्षा में जाकर त्रैमासिक परीक्षा का निरीक्षण किया एवं प्रश्न पत्र देखकर विद्यार्थियों से नक्शा एवं भूगोल संबंधी प्रश्न पूछे। अटल टिंकरिंग लैब में तीन बालिकाओं की उपलब्धियों की सराहना की तथा चेन्नई गई छात्रा से विज्ञान विषय पर जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी खोयला (खुला) एवं अचार तिवरा भाजी, आम खोइला, कोचई, कटहल, आंवला, नींबू के आचार के बारे में रोचक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से उनके लक्ष्यों एवं प्रेरणा के बारे में बातचीत की। छात्रा मेघना चंद्राकर ने एसपी बनने की इच्छा जताई, अन्य छात्रों ने कलेक्टर व डॉक्टर बनने का लक्ष्य बताया। परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पारिजात के पौधे का रोपण किया गया।



### स्कूल की गतिविधियों से अवगत हुए कमिश्नर कांवरे

सेजेस तुमाडबरी नयापारा निरीक्षण के दौरान कक्षा पहली के बच्चों से आत्मीय भाव से मिलते हुए उनसे अंग्रेजी में अपना नाम, माता-पिता का नाम लिखने को कहा। बच्चों ने उत्साह के साथ ग्रीन बोर्ड में नाम लिखे। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए अंग्रेजी में ली गई शपथ की सराहना की। लाइब्रेरी में द्विभाषी पुस्तक पढ़ते बच्चों से संवाद किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से थ्योरी एवं अग्नाशय का कार्य संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने सही उत्तर दिया। कमिश्नर ने प्रार्थना सभा में रघुपति राघव राजा राम, राष्ट्रगान, राज्य गीत, मुख्य समाचार एवं आज का सुविचार जैसी गतिविधियों को देखा जिससे वे प्रभावित हुए। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं दीपक बनो, अपने अंधेरों को स्वयं दूर करो। परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है, अपने सपनों को अवश्य पूरा करो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने बच्चों को अधिक अंक प्राप्त करने हेतु उत्तर लेखन की तकनीक बताई। उन्होंने कहा कि विषय की गहन समझ, प्रश्न की स्पष्टता एवं उत्तर को भागों मंश विभाजित कर लिखना बेहतर होता है।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

## कार्रवाई : सायबर सेल और खल्लारी पुलिस ने की संयुक्त धरपकड़

# चोरी के 11 बाइक बरामद, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने बाइक चोरों के गिरोह के 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों की 11 दोपहिया वाहनें बरामद की गई है। आरोपी अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी कर बिक्री के फिराक में थे। उक्त कार्रवाई सायबर सेल की टीम एवं थाना खल्लारी पुलिस ने संयुक्त रूप से की है।



पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि प्रार्थी कुलेश्वर चक्रधारी उम्र 23 वर्ष निवासी तुपकबोरा थाना बागबाहरा के द्वारा थाना खल्लारी में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 सितंबर को वह अपनी मोटर सायकल हीरो एचएफ डीलक्स क्र. सीजी 06 जीएच 7863 से खल्लारी मंदिर बोधन चक्रधारी के साथ घूमने आया था। दोपहर करीबन 1 बजे अपने बाइक को नारियल दुकान के सामने खड़ी कर पहाड़ी ऊपर मंदिर दर्शन करने गया था। दोपहर 03 बजे वापस आकर देखा तो बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इसके बाद विवेचना के दौरान पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति झलप चौक बागबाहरा के पास चोरी की मोटर सायकल को बिक्री के लिये ग्राहक की तलाश कर रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर झलप चौक बागबाहरा के पास जाकर 3 व्यक्ति जो पुरानी मोटर सायकल वाहन को बेचने के फिराक में खडे हुये थे, से पूछताछ की गई। इन संदेहियों ने अपने नाम बुधराम सिन्हा उर्फ बुधारू पिता देहू राम सिन्हा (39 वर्ष) भानसोज थाना आरंग जिला रायपुर, गैंदलाल दीवान पिता रामरतन दीवान (35 वर्ष) अरंड थाना खल्लारी, महासमुंद, धनेश राम दीवान पिता प्यारे राम दीवान (38 वर्ष) अरंड थाना खल्लारी, महासमुंद का निवासी होना बताए।

पुलिस की टीम के द्वारा वाहन के संबंध मे पूछताछ करने पर आरोपियों ने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किये और बताये कि एक साथ घूमते फिरते थे। विगत माह से हम सभी मिलकर मोटर सायकल चोरी करने की योजना बनाकर निकलते थे और मोटर सायकल चोरी करते थे। खल्लारी क्षेत्र के खल्लारी मेला स्थल, खल्लारी चौक, चरौदा एवं आस पास के गांव से कुल 11 नग मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के कब्जे से 04 नग एचएफ डीलक्स, 01 नग प्लेटिना, 02 नग ग्लैमर, 02 नग स्प्लेंडर प्लस, 01 नग स्प्लेंडर, 01 नग स्कूटी कुल 11 नग मोटर सायकल कीमत 3,95,000 रुपये जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना खल्लारी में अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# 36 घंटे के बारिश से मकान गिरा, मुआवजे की मांग



**नर्रा।** चक्रवात के असर क्षेत्र में बीते तीन दिनो से हुई गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। इसी तरह कोमाखान तहसील क्षेत्र के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी के ग्रामीण मनीषा बाई पति सुरेश ठाकुर का कच्ची मकान 36 घंटे की बारिश से गिर गया। वही कच्ची मकान में बारिश की पानी रिसाव होने से मकान भरभरा कर गिर गया। क्षेत्र में कच्चे मकानों गिरने की खबर है। हालांकि, किसी प्रकार के जनहानि की खबर नहीं है। पीड़ित परिवार से शासन प्रशास से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### खैरा में मारपीट, आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम खैरा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कुंदन यादव वार्ड नं 8 खैरा ने बताया कि 23 सितंबर की रात 10.30 बजे वह अपने दोस्त ओमप्रकाश आडिल के साथ दुर्गा सेवा सुनने दुर्गा पंडाल के पास गये थे, वहीं पर तुकाराम चंद्राकर के किराना दुकान के पास दोनों बैठे थे। उसी समय गांव का घनाराम सतनामी आया और ओमप्रकाश आडिल के साथ किसी बात को लेकर विवाद कर रहा था, जिस पर उसने लडाई झगड़ा करने से मना किया। इस पर आरोपी घनाराम सतनामी ने तुम कौन होते हो मुझे मना करने वाला कहकर गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए किसी धारदार वस्तु से मेरे बांये गाल पर मारकर चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने के मामले में सिटी कोतवाली में एक युवक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि संजय गार्डन के सामने मेन रोड महासमुंद में एक धारदार चाकू को लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा रहे निखिल जलक्षत्री पिता पंचम जलक्षत्री (19 वर्ष) नयापारा वार्ड नं 7 शिव चौक महासमुंद के खिलाफ कार्रवाई कर उसके कब्जे एक चाकू बरामद किया गया। मामले में आरोपी युवक के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।


### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बैतारी चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया। पुलिस ने आरोपी भुवनेश्वर मांझी पिता चितरू मांझी (30 साल) गिरसा थाना सरायपाली के कब्जे से कुल 7 लीटर देशी हाथ महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** तालाब किनारे अपने दोस्त के साथ बैठे एक युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पवन उर्फ राजा साहू वार्ड नं 15 रावणभाठा ने बताया कि 23 सितंबर की शाम करीबन 6.30 बजे वह अपने साथी कन्हैया ध्रुव के साथ मंडी तालाब बागबाहरा में बैठा, तभी अर्जुन गोस्वामी अपने अन्य साथियों को लेकर आया और उसे देखकर, मेरे भाई के साथ चंडी मंदिर में क्यों झगडा किया है कहते हुए गाली देने लगा। गाली देने से मना करने पर आरोपी अर्जुन गोस्वामी मारपीट करने लगा। वहीं उसके साथियों ने भी मारपीट की। आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# जिले में अब तक 897.3 मिलीमीटर औसत वर्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 897.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 1157.9 मिलीमीटर, सरायपाली में 948.0 मिलीमीटर, कोमाखान में 885.3 मिलीमीटर, बसना में 829.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 826.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 736.1 मिलीमीटर महासमुंद तहसील में दर्ज की गई। 25 सितंबर को 54.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में पिथौरा तहसील में 78.9 मिलीमीटर, महासमुंद में 77.1 मिलीमीटर, कोमाखान में 65.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 54.8 मिलीमीटर, सरायपाली में 35.7 मिलीमीटर एवं बसना तहसील में 15.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए अछोला-समोदा तट पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, नगर सेना की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महानदी तटस्थ ग्राम आछोला-समोदा में गुरुवार की सुबह 10 बजे राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल एवं नगर सेना की संयुक्त टीम द्वारा बाढ़ आपदा से निपटने के लिए व्यापक मॉक ड्रिल किया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की वैज्ञानिक तैयारी को परखना और विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना था। पश्चात द्वितीय चरण में जिला अस्पताल में राहत शिविर बनाया गया था, जहां आपातकालीन मेडिकल सेवा का प्रदर्शन किया गया। यहां आपातकालीन सेवाओं में तत्काल उपचार और मेडिकल सुविधा का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर महादेव कांवरे एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राहत कैंप और मेडिकल सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मौजूद रहे।



अछोला में मॉक ड्रिल कमांडेंट मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, एएसपी प्रतिभा पांडेय, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, स्वास्थ्य, पशुपालन, पुलिस, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, खाद्य, समाज कल्याण, विद्युत, आरटीओ, ग्रामीण, विभागों के अधिकारी-कर्मचारी की मौजूदगी में माक ड्रिल सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। सुबह 10 बजे वैज्ञानिक प्रदर्शन में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के दल ने नाव, मोटरबोट एवं रस्सी की मदद से लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकें दिखाई। बचाव अभ्यास के दौरान तेज धारा में फंसे व्यक्तियों को रेस्क्यू जैकेट, ट्यूब एवं रस्सी फेंककर बाहर निकालने का प्रदर्शन किया गया। प्राथमिक उपचार व मेडिकल सहायता के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को तत्काल प्राथमिक चिकित्सा देने और एम्बुलेंस से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने की प्रक्रिया समझाई। पशुधन की सुरक्षा के लिए पशुपालन विभाग ने बताया कि बाढ़ के दौरान मवेशियों को ऊंचे सुरक्षित स्थानों पर कैसे ले जाया जाए। विद्युत विभाग ने आपदा के समय बिजली बंद करने की अनिवार्यता पर बल दिया, वहीं पीएचई विभाग ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के उपाय बताए। आम नागरिकों के लिए बचाव के सामान्य तरीके एवं व्यवहारिक सुझाव दिए गए। इस दौरान बताया गया कि बाढ़ आने पर ऊँचे स्थान पर पहुंचे और भीड़भाड़ से बचें। बिजली के खंभों और तारों से दूर रहें। सुरक्षित पेयजल का ही उपयोग करें, पानी को उबालकर पीएं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को प्राथमिकता से सुरक्षित स्थान पर ले जाएं। साथ ही आपदा प्रबंधन दल द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। इस मॉक ड्रिल ने न केवल प्रशासनिक अमले को आपदा से निपटने की तत्परता का अनुभव कराया बल्कि आम नागरिकों में भी जागरूकता बढ़ाई। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास समय-समय पर आयोजित कर लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसी भी जान-माल की हानि को कम किया जा सके।

## आरोपों की जांच के बाद संबंधित विभाग ने की कार्रवाई

# हटाई गई कन्या छात्रावास खोकसा की अधीक्षिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छात्रावासों में मनमानी बिल्कुल नहीं चलेगी, इस आशय का साफ संकेत देते हुए आदिवासी कन्या आश्रम खोकसा मामले में आदिवासी विकास विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। हॉस्टल की बच्चियों को प्रताड़ित करने और उन्हें गंदे वीडियो दिखाने जैसे आरोपों की जांच के बाद आरोपी अधीक्षिका गीता पटेल को बुधवार को हटा दिया गया।

जारी आदेश में विभाग ने कहा है कि शिक्षक व प्रभारी छात्रावास अधीक्षक, प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोकसा व आदिवासी कन्या आश्रम खोकसा (विकासखंड बसना) गीता पटेल को उनके मूल शाला कार्य के लिए कार्यमुक्त किया गया है। इस पर विभाग की सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने बताया, गीता को शिक्षा विभाग के लिए रिलीव कर दिया गया है। आदिवासी कन्या आश्रम खोकसा के अस्थायी संचालन की जिम्मेदारी कंचन कुमर्रा को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपी गई है। इसके अलावा प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खोकसा का संचालन अब शंकरलाल बरिहा, सहायक शिक्षक व अधीक्षक, आदिवासी बालक आश्रम तरेकेला (पिथौरा) करेंगे। कार्रवाई होने की पुष्टि डीईओ विजय लहरे ने भी की।


कन्या आश्रम खोकसा की अधीक्षिका पर गंभीर आरोप, डीईओ से शिकायत

बता दें, 'हरिभूमि ने 20 सितंबर के अंक में 'कन्या आश्रम खोकसा की अधीक्षिका पर गंभीर आरोप, डीईओ से शिकायत' शीर्षक से इस पूरी घटना की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की, जिसके बाद आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कार्रवाई की।

### ये है पूरा मामला

मामला बसना विकासखंड के प्राथमिक आदिवासी कन्या आश्रम खोकसा का है। आश्रम में निवासरत छात्राओं ने अधीक्षिका गीता पटेल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बच्चियों का कहना है कि हॉस्टल अधीक्षिका न सिर्फ उनसे घरेलू काम कराती है, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। इससे आहत परिजनों ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) से लिखित शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। तत्काल जांच करने के आदेश दिए और 3 दिन के भीतर जांच करने के लिए कहा था।

# शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**महासमुंद।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर नगर में स्थित सतबहनिया माता मंदिर से कलश यात्रा का आयोजन किया। कलश यात्रा सतबहनिया माता देवालय प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए वापस मंदिर पहुंची।

### कमिश्नर कावरे ने एग्रीस्टेक पंजीयन की जानकारी ली

**महासमुंद।** संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा पिटियाझर समिति में एग्रीस्टेक एवं किसान पंजीयन संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा, शाखा प्रबंधक सहित समस्त समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर द्वारा एग्रीस्टेक प्रणाली एवं किसान पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी ली गई तथा कार्यों की प्रगति एवं व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कृषकों से भी चर्चा की। जिससे आगामी कार्यों में और अधिक पारदर्शिता एवं सुगमता लाई जा सके। उन्होंने किसानों को समझाईश दी कि किसानों के पंजीयन के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक है, इसलिए शेष किसान साथी अतिशीघ्र पंजीयन कर लें। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष एक लाख 53 हजार 165 किसानों ने धान विक्रय किया था। अभी तक एग्रीस्टेक पोर्टल में एक लाख 43 हजार 382 किसानों ने पंजीयन किया है। शेष 9 हजार 783 किसान पंजीयन कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

### बेरोजगारी और महंगाई की मार से पिस रही जनताः रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि एक तरफ बेरोजगारी दूसरी ओर बेतहाशा बढ़ती महंगाई की मार से जनता दोनों ओर से पिस रही है। आर्थिक मोर्चे पर भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल हो चुकी है। इस सरकार ने देश के 81 करोड़ जनता को यह सरकार गरीब बनकर केवल 5 किलो राशन की लाइन में खड़ा कर दिया है। गरीबी तेजी से बढ़ रही है, आम आदमी की घरेलू बचत ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर पर आ गई है। खाद्य तेल को 70 रुपए प्रति लीटर तक पहुंचने में 70 साल लग गए थे, लेकिन मोदी राज के चंद दिनों में ही 170 पार हो गया। घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपाइयों को 400 रुपए में महंगा लगाता था, उसे 900-1000 तक पहुंचा दिए। भाजपा सरकारों को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है।

### पारंपरिक खेल प्रतियोगिता

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में जिला संगठन डॉ मालती तिवारी के निर्देशानुसार प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण मानिकपुरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम बच्चों को एनएसएस के इतिहास के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। पश्चात पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से फुगड़ी, गिल्ली-डंडा, भौंरा, बांटी प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के लिए किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। फुगड़ी में सेवती साहू प्रथम, लक्ष्मी पटेल द्वितीय, प्रतिमा टंडन तृतीय स्थान पर रही। भौंरा में महंगू दास प्रथम, लोकेश साहू द्वितीय और सूरज सहिस तृतीय स्थान पर रहे।

# विधायक नंद के प्रयासों से खम्हारपाली में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

## जनता की बुनियादी सुविधाओं के लिए विधायक चातुरी नंद लगातार के रही पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

स्थानीय विधायक चातुरी नंद की पहल से ग्राम खम्हारपाली में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण पिछले 5- 6 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर थे। ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। गांव में लंबे समय से बिजली बाधित रहने के कारण ग्रामीणजन भारी परेशानी का सामना कर रहे थे। किसान अपनी सिंचाई व्यवस्था को लेकर चिंतित थे, वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इसके साथ ही ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बिजली बंद की इस समस्या से



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद को अवगत कराते हुए जल्द नए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए निवेदन किया था। विधायक चातुरी नंद ने ग्रामीणों की समस्या पर तुरंत संज्ञान लेकर बिजली विभाग के अफसरों से समन्वय स्थापित किया और प्राथमिकता के आधार पर ट्रांसफार्मर की स्थापना सुनिश्चित करवाई। ग्राम खम्हारपाली के सरपंच सामरू सिदार ने विधायक चातुरी नंद का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बिजली बंद की समस्या को लेकर विधायक से हमने भेंट की थी और जल्द ही ट्रांसफार्मर लगाने का निवेदन था। इसी तरह ग्राम खम्हारपाली के शिवेंद्र साहू, सुभाष साहू, दिलीप, मनोज, अनिल, दीनू, राजू, पिंटू, हरीश, तनय, रजनी, प्रशांत, सेतकुमार सुदाम सहित ग्रामीणों ने विधायक चातुरी नंद के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पिथौरा विकासखंड के 135 शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



विकासखंड शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा पिथौरा के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी परिसर में विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं, जबकि अध्यक्षता विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की। अति विशिष्ट अतिथि ऊषा पुरूषोत्तम घृतलहरे एवं विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

समारोह में विकासखंड के 135 शिक्षकों को शाल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि देश की दशा और दिशा तय करने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। विधायक संपत अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर पेशेवर के पीछे शिक्षक की ही नींव होती है, जो राष्ट्र के भविष्य का निर्माता होता है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण एसडीएम बजरंग वर्मा ने दिया, आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना ने किया तथा मंच संचालन एफए नंद ने किया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के तहसील अध्यक्ष उमेश दीक्षित, विभिन्न जनप्रतिनिधि और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना, स्त्रोत समन्वयक नरेश पटेल, साक्षरता नोडल अधिकारी अरुण कुमार देवता, शिशुपाल प्रधान, खगेश्वर डडसेना, विक्रम सिंह वर्मा, रोहिणी देवांगन, राजाराम पटेल, अशोक पटेल, राजेंद्र प्रसाद मार्कंडेय, टेकराम निषाद, लोकनायक डड़सेना, बालाराम दीवान, अंजय कश्यप, तुलाराम राणा, लखनलाल कुर्रे, मुकेश पटेल, किशोर पटेल सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई बैठक

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने 19 सितंबर 2025 को उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य अतिथ्य में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित हुई। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई वृहद चर्चा, नीति के विस्तार, सरलीकरण एवं प्रचार प्रसार के मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसी तारतम्य में 20 सितंबर को महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याता एवं स्टाफ की बैठक आयोजित कर सभी को जानकारी दी गई। जिसमें संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में बच्चों को विस्तार से बताने की जिम्मेदारी स्वयं प्राध्यापकों की भी है। शिक्षण कार्यक्रम के अलावा भी आप छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सेमेस्टर पद्धति, विषयों के चुनाव, मल्टीप्ल एंट्री एग्जिट, शोध कार्यों,

### बिरकोनी में नवरात्रि पर्व की धूम

**बिरकोनी।** बिरकोनी के खल्लारी माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि प्रारंभ से ही उत्सव का वातावरण है। नौ दिन तक शक्ति की भक्ति में श्रद्धालु डूबे हुए है। प्रातः सन्ध्या आरती में भक्तों जय माता दी के जयकारा लगा रहे है। वही स्थानीय मण्डलियों द्वारा प्रति दिन सेवा गीत, जसगीत व धार्मिक आयोजन प्रस्तुत किया जा रहा हैं। भक्तों ने माता रानी के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। देवी माँ को प्रत्येक दिन श्रृंगार से सजा कर पूजा आरती की जा रही है। मन्दिर में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की गई हैं। सभी वार्डवासी महाआरती में शामिल होकर माता के गुणगान कर रहे है। वहीं श्रद्घालुओं ने नौ दिवसीय व्रत रखा है।



### 91 व्यवसायियों को खाद्य लाइसेंस जारी

**झलप।** ग्राम पंचायत झलप में खाद्य विभाग द्वारा खाद्य पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति शिविर लगा कर 91 व्यापारियों को खाद्य लाइसेंस जारी किया। झलप सहित आसपास के ग्राम में कारोबार करने वाले होटल, ढाबे, पान ठेले, खोमचे वाले एवं किराना व्यापारियों ने अपने व्यवसाय का पंजीयन के लिए आवेदन किया। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ। पंजीयन की शुरूआत में नेटवर्क समस्या के चलते व्यापारियों को परेशानी हुई। शिविर का आयोजन जिला खाद्य विभाग के द्वारा किया गया जिसमें ज्योति भानु, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, शंखनाद भोई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी और कौशल साहू, नमूना सहायक उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में राकेश साहू सरपंच झलप, किशन कोसरिया उपसरपंच, नीरज अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, त्रिलोक सिंह सलूजा, , झलप, अतुल गुप्ता (संरक्षक व्यापारी संघ ) का विशेष योगदान रहा।

### छात्रों को किया गया साइकिल वितरण

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलेंडा (सिंघोडा) में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत पात्र छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मोगरा किशन पटेल (जिला पंचायत अध्यक्ष), प्यारी साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, रतिलाल चौहान जनपद सदस्य, आनंद सिंह बरिहा, रथुलाल बरिहा, मायाधर डडसेना, सरपंच प्रतिनिधि विजय सिंह बरिहा विद्यालय के प्राचार्य हरीशचंद्र मांझी शिक्षक गण व पालक गण एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर दिखा उत्साह, उड़ान विशेष विद्यालय में गरबा आयोजन

**सरायपाली (ग्रामीण)।** उड़ान दृष्टि एवं श्रवण बधितार्थ विशेष आवासीय विद्यालय सरायपाली में नवरात्रि पर्व के अवसर पर गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के अध्यक्ष और विद्यालय संचालिका उमा साहू ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर की। गरबा आयोजन में विद्यालय के दिव्यांग बच्चे, स्टाफ और समिति के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कोमल मैडम, गुड्डू जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी बच्चों के साथ गरबा में भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में बच्चों ने पारंपरिक धुनों पर गरबा नृत्य कर माहौल को आनंदमय बना दिया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जोड़ते हुए उनके जीवन में आत्मविश्वास और आनंद का संचार करना था। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा और उनकी आंतरिक खुशी को सामने लाने का माध्यम बनते हैं।



### प्रधान पाठक हितेश का विद्यार्थियों ने किया अभिनंदन

**पिथौरा।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में परीक्षा उपरांत विद्यालय में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के प्रधान पाठक हितेश पटेल को विकासखंड स्तर पर आदर्श शिक्षक सम्मान मिलने की खुशी में विद्यार्थियों द्वारा यह अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने कहा कि किसी शिक्षक को सम्मान मिलता है वह उसकी कार्यकुशलता को दर्शाता है। मुझे स्मरण है कि प्रधान पाठक हितेश पटेल की विशेष सक्रियता के चलते वर्ष 2009 में प्राथमिक शाला को प्रेरक शाला का दर्जा प्राप्त हुआ था तथा स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ भारत के तहत विद्यालय को राज्य द्वारा फाइव स्टार की श्रेणी प्रदाय किया गया था। हेमंत ने स्कूली बच्चों के समक्ष प्रशस्ति पत्र का वाचन कर बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने हेतु प्रेरित किया। प्रधान पाठक हितेश पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं आप सभी के सम्मान पाकर अभिभूत हूं। मुझे विकासखंड स्तर पर जो आदर्श शिक्षक का सम्मान मिला है वो आप सभी की सद्भावना का परिणाम है। उन्होंने क्रिएटिव टीचर हेमंत खुटे से मिले मार्गदर्शन को रेखांकित किया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला से तकरीबन 100 बच्चों ने प्रधान पाठक हितेश पटेल के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मिडिल स्कूल की शिक्षिका तबस्सुम शेख व दिलीप पटेल ने भी प्रधान पाठक के सम्मान पर अपना व्यक्तव्य देते हुए कहा कि पटेल के कुशल नेतृत्व के कारण हमारे संकुल में विद्यालय की एक विशिष्ट पहचान है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार साहू ने किया। आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक हितेश पटेल ने किया।

# उपाध्याय की जयंती पर सेवा पखवाड़ा में भाजपा का स्वच्छता, वृक्षारोपण अभियान

**महासमुंद।** एकात्म मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय के प्रबल पक्षधर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की उपस्थिति



में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नयापारा उपस्वास्थ्य केंद्र, बंधवा तालाब में स्वच्छता कार्यक्रम और एक पेड़ मां के नाम से वृक्षारोपण का अभियान चलाया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सेवा, समर्पण और जनकल्याण के लिए गए कार्यो को नमन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने उपाध्याय की जयंती पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक जन उपयोगी स्थलों पर साफसफाई कर स्वच्छता को मानव जीवन का आधार बताते हुए आम जनमानस से स्वच्छता कार्य को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। स्वच्छता और एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में मानव के स्वस्थ, सुखी, दीर्घायु जीवन का संदेश दिया है। पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के साथ सर्व मानव समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तंक विकास की योजना और कार्य को पहुंचाने का संदेश दिया है। भाजपा की केंद्र की सरकार के नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार देश प्रदेश के विकास, सुरक्षा और सुशासन और जनकल्याण के लिए संकल्पित और समर्पित है। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान, ज़िला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, कार्यक्रम संयोजक एम्आर विश्वनाथन, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू, सीता डोडेकर, माखन पटेल, पूर्व मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, मनीष शर्मा, विधायक प्रतिनिधि हाफिज कुरैशी, अरविंद प्रहरे, मनीष बंसल, सोनाधर सोनवानी, उमेश नशीने, पंकज चंद्राकर, आनंद साहू, हिमांशु चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

# खल्लारी मंडल में मनाई दीनदयाल की जयंती

## स्वास्थ्य शिविर एवं पौधरोपण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जनसंघ के प्रणेता और अंत्योदय दर्शन के प्रखर पुरोधा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती ग्राम खल्लारी एवं म.क. बहरा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल खल्लारी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर से हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई तथा डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से परामर्श प्राप्त किया। रक्तचाप, शुगर, हृदय रोग, सामान्य बीमारियों से बचाव, दवाइयों का वितरण जैसे आवश्यक जांच एवं सेवाएं इस अवसर पर उपलब्ध कराई गईं।

ग्रामीणों ने इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया और इसके लिए भाजपा मंडल का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत शासकीय माध्यमिक विद्यालय म.क. बहरा परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्रांति की दिशा में यह पहल क्षेत्र में सकारात्मक संदेश देती है। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की निरंतर देखभाल की जाएगी, ताकि भविष्य में ये छाया और ऑक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्ष बनकर समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हों। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय समाज के हर वर्ग तक सेवा और सहयोग की भावना लेकर पहुंचें। वहीं महामंत्री ताराचंद देवांगन ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की महत्ता बताते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि मातृभक्ति और प्रकृति संरक्षण का



प्रतीक भी है। पूरे कार्यक्रम में भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सेवा, समर्पण और समाज हित की यह भावना भाजपा की मूल पहचान है, और सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम इसी उद्देश्य को साकार करने का प्रयास कर रहा है।

का पूरा जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित रहा।

आज उनकी जयंती पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर और पौधरोपण कार्यक्रम उन्हीं की विचारधारा को धरातल पर उतारने का एक छोटा प्रयास है।

महामंत्री सुजीत साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे

# महाविद्यालयीन छत्तीसगढ़ी प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में 137 विद्यार्थी शामिल हुए

**महासमुंद।** प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत बछर- 2025, महाविद्यालयीन छत्तीसगढ़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 23 सितंबर मंगलवार को स्थानीय शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ।

इस प्रतियोगिता में 8 स्थानीय महाविद्यालयों के 137 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व पूरी तन्मयता व गंभीरता के साथ पर्चे हल किए। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष कान्हा कौशिक ने बताया कि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.करुणा दुबे, प्रो. अजय कुमार राजा, प्रो.मालती तिवारी, प्रो. मनीराम धीवर, राजेश्वरी सोनी सहा.प्राध्यापक, सरस्वती सेठ सहा. प्राध्यापक, मनीषा प्रधान सहा. प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक विजय ब्रह्मे, जनक साहू, गोरेलाल चतुर्वेदी, धनराज चतुर्वेदी, देवेन्द्र साहू, कामता साहू, उर्वशी विश्वकर्मा, भारती ध्रुव, गरिमा परमार, लक्ष्मी साहू व अन्य स्टाफ के सराहनीय सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया।

इस प्रतियोगिता में महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय, शांत्रीबाई कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, श्याम बालाजी कॉलेज, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शासकीय जीएनएम ट्रेनिंग सेन्टर, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मॉडल महाविद्यालय, शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी शामिल हुए।

समिति के संस्थापक अध्यक्ष स्व. सुशील यदु की पुण्य तिथि पर आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के भाषा, संस्कृति साहित्य, कला, पर्यटन, धार्मिक और इतिहास से संबधित कुल 50 प्रश्न छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित में पूछे गये थे। मूल्यांकन पश्चात प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आगामी 26 अक्टूबर 2025 को महासमुंद में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। महासचिव डॉ. राजेश मानस, विशेष सहयोगी मनोज कुमार सोनवानी पाली बिलासपुर, उत्तम दुबे, दीपक पटेल ने सहयोग किया। जिलाध्यक्ष बंधु राजेश्वर खरे ने उन सभी प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में शामिल कर सहयोग किया।

### स्वच्छता ही सेवा चित्रकला में मीना व झरना रही अव्वल

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत डाइट प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान एवं के सिंग के मार्गदर्शन में संस्था के साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के संयोजन में विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी तारतम्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राध्यापकों ने अपनी कलाकृतियों को ड्राईंग सीट में उकेरते हुए चित्रकला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में छात्र परिषद प्रमुख मीना ठाकुर एवं झरना साहू ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार भारती कालसा, तनूजा ध्रुव द्वितीय एवं रुपाली साहू अनिकेत कंवर, सरिता पटेल, मीरा साहू ने तृतीय स्थान अर्जित किया। नारा लेखन में राज ठाकुर एवं सरिता पटेल ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान बनाया। साहित्यिक प्रभारी टेकराम सेन के मार्गदर्शन में छात्राध्यापकों द्वारा कविता लेखन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में दामिनी साहू एवं भूमिका साहू ने प्रथम अनुज नायक, भारती कालसा द्वितीय एवं दिव्या पटेल एवं गुंजा साहू ने तृतीय स्थान बनाया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से छात्राध्यापकों का प्रस्तुतीकरण अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से अभिव्यक्ति क्षमता का विकासहोता है। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, संतोष साहू, तिलोत्मा प्रधान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, आकांक्षा साहू, गरिमा राजपूत, मीना साहू ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए छात्राध्यापकों को सृजनात्मक के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ व्याख्याता संतोष साहू ने बताया कि सभी छात्राध्यापकों द्वारा निबंध लेखन आयोजित हुआ। सबी ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टेकराम सेन, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, ईश्वर चंद्राकर ने किया।

# विधायक एवं कलेक्टर ने बंधवा तालाब की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**महासमुंद।** स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 स्थित बंधवा तालाब एवं आसपास मेढ़ों में वृहद सफाई अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने फावड़ा लेकर तालाब की मेढ़ पर फैले कचरे की सफाई एवं खरपतवार हटाकर साफ-सफाई का संदेश दिया। सफाई अभियान में छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट एवं गाइड जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व पार्षद राजू चंद्राकर एवं मीना वर्मा, प्रकाश शर्मा, आनंद साहू, हनीश बग्गा, शरद मराठा, सीएमओ अशोक सलामे, दिलीप



चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विधायक सिन्हा ने आमजनों से आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर शामिल हों और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। इस दौरान सफाई कर्मियों, स्वच्छता दीदियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सामूहिक श्रमदान कर तालाब एवं मेड़ की साफ-सफाई की। अभियान का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। जिले में यह अभियान 2 अक्टूबर तक लगातार जारी रहेगा।

**खबर संक्षेप**



## दुर्गा पंडालों में पहुंचकर साहू ने की पूजा अर्चना

महासमुंद। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना करने ग्राम कौवाझार, खैरझिटी, पिरदा, कोडर बांध, कुकराडीह, तेंदूवाही, परसाडीह के पंडालों में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पहुंचे। तुषार ने कहा कि महिषासुर के बढ़ते आतंक से सभी देवता चिंतित हो गए थे और उन्होंने त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश से मदद मांगी। देवताओं की व्यथा सुनकर त्रिदेव बहुत क्रोधित हुए और उनके क्रोध से एक दिव्य ऊर्जा प्रकट हुई। इस ऊर्जा से मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप का जन्म हुआ, जिनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है।

## जिला फिटनेस मेडिकल बोर्ड 26 को स्थगित

**महासमुंद।** रजत जयंती महोत्सव, सेवा पखवाड़ा दिवस 2025 अंतर्गत पर्पल फेयर कार्यक्रम का आयोजन महासमुंद जिला स्तर पर 26 सितंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से स्थानीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर मांगलिक भवन खैरा महासमुंद में किया जा रहा है। जिसमें मेडिकल बोर्ड टीम की ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि उक्त आयोजन शुक्रवार 26 सितंबर को किया जा रहा है। इस कारण इस दिन चिकित्सालय में आयोजित होने वाले जिला फिटनेस मेडिकल बोर्ड को स्थगित करते हुए आगामी सप्ताह के शुक्रवार से नियमित किया जाएगा।




सांकरा। 12 घंटों की भारी बारिश से जोंक नदी लबालब। पुल डूबा रहा। भारी बारिश से किसानों के खेतों में भरा पानी।

### अभियान : प्रधानमंत्री के निर्णय को बताया ऐतिहासिक, हर वर्ग को होगा लाभ

# जीएसटी बचत उत्सव, सांसद एवं विधायक ने की दुकानदारों व ग्राहकों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार के तहत 22 सितंबर से नई दरें प्रभावी हो गई हैं। इन्हें देशभर में "जीएसटी बचत उत्सव" के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पिथौरा नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में सांसद एवं विधायक ने दुकानदारों व ग्राहकों से भेंट कर जागरूकता अभियान चलाया।

महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक संपत अग्रवाल ने नगर की विभिन्न दुकानों का भ्रमण कर व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया। ग्राहकों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि घटे हुए जीएसटी दरों से खाद्य सामग्री, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट जैसी रोज़मर्रा की वस्तुएं सस्ती हुई हैं, जिससे पारिवारिक बजट में वास्तविक बचत हो रही है। व्यापारियों ने भी इसे कारोबार में सरलता और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह सुधार केवल कर सरलीकरण का प्रयास नहीं है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने वाला ऐतिहासिक परिवर्तन है। वहीं विधायक संपत अग्रवाल ने इसे उद्योग, व्यापार और किसानों के लिए राहतकारी निर्णय बताया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा घृतलहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष उषा पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम घृतलहरे, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, रैदास गोयल, उषा श्रीवास्तव, सत्यनारायण अग्रवाल, महामंत्री जतीन ठक्कर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल, राजेश चौधरी, कंवलजीत छाबड़ा, मनोहर जैन, किशोर पटेल, सुरेंद्र पांडे, संजय गोयल, नारायण पटेल, सतीश ध्रुव, हेमंत जाधव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।



## साहू समाज तेंदूकोना परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने रामनारायण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बीते दिन साहू समाज तेंदुकोना परिक्षेत्र का त्रैवार्षिक अधिवेशन निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन साहू समाज भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू थे। कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारिणी द्वारा आए हुए का वाचन किया गया। तत्पश्चात अपने कार्यकारिणी को भंग किया गया। निर्वाचन आधिकारी के रूप में मौजूद धनराज साहू, डॉक्टर लक्ष्मण साहू, भुवन साहू, नेहरू साहू, प्रेषण साहू द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में सामाजिक नियमों के अनुसार अध्यक्ष 1 पद, उपाध्यक्ष महिला 1 पद, पुरुष उपाध्यक्ष 1 पद, संगठन सचिव महिला 1 पद, पुरुष 1 पद इन पदों पर निर्वाचन कार्यक्रम होना था। जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष रामनारायण साहू (रामू) तेंदूकोना निर्वाचित हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष द्वय टेनु राम साहू कलमीदादर व दसरी साहू भीखापाली, संगठन सचिव द्वय देवशरण साहू बिराजपाली, निर्मला साहू ठकुरीपाली निर्वाचित हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को डॉ सदाराम साहू, उमाराम साहू, नरोत्तम लाल साहू, मनीराम साहू, नरसिह साहू, चैतराम साहू, रामसिंग, चिंताराम साहू, रोहित साहू, संजय साहू, पुनीत साहू, चोवा राम साहू, पोखन साहू, राकेश साहू, अशोक साहू, सतीश साहू, हेमंत साहू, जितेंद्र साहू, कैलाश साहू, हृदय साहू, खिलेश्वर साहू, दीपेश, हरि, वेदनाथ, सुखराम, मिलेश, ईश्वर, लीलू, मदन, पुरुषोत्तम आदि मौजूद रहे।

## आदर्श शिक्षक सम्मान से निशा कुलदीप सम्मानित



सांकरा। संकुल केंद्र छुवारीपतेरा से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं संगीत कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए शासकीय प्राथमिक शाला लोहरिनडोंगरी की शिक्षिका निशा कुलदीप को आदर्श शिक्षक सम्मान से विधायक डॉ. संपत अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि निशा कुलदीप को शास्त्रीय गायन के लिए जिला स्तर युवा महोत्सव कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। निशा कुलदीप अपने कर्तव्य के प्रति सतत जागरूक होकर सक्रिय शिक्षक के रूप में कार्य करने के फलस्वरुप बालकों -पालकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के मध्य इनका मधुर संबंध है। अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आकर्षक व्यक्तित्व के कारण डाइट महासमुंद स्तर पर भी अलग पहचान एवं स्थान है। वे अध्यापन कार्य के अलावा शेष समय में क्षेत्र के लोगों को विधिवत संगीत की शिक्षा प्रदान करते हैं। अपने सुपुत्रों में ऋषभ कुलदीप अध्यनरत मोना मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल सारंगढ़ एवं चित्रांग कुलदीप अध्यनरत नवोदय विद्यालय छिंदपाली सरायपाली जो कि आपकी शैक्षिक एवं संगीतिक प्रतिभा का अनुसरण कर अपने अपने विद्यालय में प्रतिभा का कुशल प्रदर्शन कर रहे हैं। दिशा, अपनी संगीत की शिक्षा सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं संगीताचार्य श्याम लाल से प्राप्त कर संगीत प्रभाकर की डिप्लोमा अर्जित की है। उनके पति दिलीप कुमार कुलदीप वर्तमान में संकुल केंद्र सागुनढाप में संकुल शैक्षिक समन्वयक के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर संकुल शैक्षिक समन्वयक तुलाराम राणा सहित समस्त शिक्षकों एवं माता निद्रादेवी चौहान ने हर्ष जताया है।



## रग्बी में तुसदा के खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

**महासमुंद।** 25 वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रग्बी 19 वर्ष बालक/बालिका हैंडबॉल 14 वर्ष बालक/ बालिका और एथलेटिक्स 19,17, 14 वर्ष बालक/बालिका खेल का आयोजन जगदलपुर में 21 से 24 सितंबर तक आयोजित की गई थी। जिसमें 5 जोन बस्तर बिलासपुर दुर्ग सरगुजा और रायपुर के 460 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। रायपुर जोन रग्बी 19 वर्ष में महासमुंद जिले के बागबाहरा ब्लॉक से तुसदा स्कूल के तीन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। जिसमें 19 वर्ष बालक वर्ग रोशन मरकाम, 19 वर्ष बालिका वर्ग में गायत्री खैरवार और गोदावरी का चयन हुआ था। इन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से रायपुर जोन को बालक वर्ग में द्वितीय स्थान तथा बालिका वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर रजत और कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया। इनकी इस उपलब्धि पर जिले के शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे, तुसदा स्कूल के प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम, शाला के समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है। उक्त जानकारी व्यायाम शिक्षिका अंजू प्रजापति ने दी है।

# छात्रों ने सीखा आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी का ज्ञान

### नवाचार एवं सौर ऊर्जा विषय पर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं गणित के क्षेत्र में नवाचार और सौर ऊर्जा से संबंधित नवीन तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा के संचालक एवं युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर सहित विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों से रूबरू कराते हुए परामर्श दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यवसायिक गणित, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा सौर ऊर्जा से जुड़ी तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मेले में बच्चों को मॉडल तैयार कर किस प्रकार प्रस्तुतीकरण करना है। इस पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक एवं प्रभारी गोपेश कुमार डड़सेना, संस्था के प्राचार्य आशाराम बरिहा, वरिष्ठ व्याख्याता अमृत लाल पटेल, डीके साहू, प्रकाश साहू, विजय सिन्हा, गुणमणि साहू, बी इक्का, विजय लक्ष्मी पटेल, अंकिता ठाकुर, कमला यादव, ओम नारायण डड़सेना सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय नायक ने जीएसटी 2.0 रिफॉर्म का किया स्वागत



पिथौरा। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय नायक ने सोमवार 22 सितंबर से लागू होने वाले जीएसटी 2.0 रिफॉर्म का स्वागत करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों और जनता-हितैषी निर्णयों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता को विशेष तोहफा दिया है। इस कदम से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की जेब पर बोझ कम होगा। अजय नायक ने बताया कि नई दरों से दूध एवं डेयरी उत्पाद, नमकीन, मिठाई, सूखे मेवे, साबुन, टूथपेस्ट, कपड़े, जूते-चप्पल, घरेलू सामान, दवाइयां, बच्चों की किताबें, नोटबुक और पेंसिल जैसी रोज़मर्रा की वस्तुएं और भी किफायती हो जाएंगी। इसके अलावा मोटरसाइकिल, कार और किसानों के लिए ट्रैक्टर की कीमतों में भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सुधार से हर घर के खर्च में कमी आएगी और बची हुई राशि अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होगी। साथ ही व्यापार को भी गति मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।



## लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने वार्डों में लगाया जा रहा विशेष शिविरः चंद्रशेखर

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा के तहत वर्तमान में शहर के सभी वार्डों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 22 में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार थे। पार्षद बेलदार ने सेवा पखवाड़ा के उद्देश्यों से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से आगामी 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के तहत शासन के समस्त विभागों के योजनाओं का लाभ आम जन को मिले, इसके लिए शहरों, गांवों में शिविर लगाया जा रहा है। आज का स्वास्थ्य शिविर भी उसी का हिस्सा है। शिविर में सुपरवाइजर सुषमाशरण, एमटी छत्रानी ध्रुव, वार्ड मितानिन सरस्वती पांडे, वसुंधरा बाघ आदि ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ शिशुवती, गर्भवती माताओं को पोषण आहार, किशोरी बालिकाओं को, महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। इस दौरान बड़ी संख्या में शिशुवती माताएं, वार्डवासी तथा प्राथमिक शाला गुरु घासीदास के प्रधान पाठक केशव साहू, स्कूली बच्चे व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# शासकीय पीजी कॉलेज में मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस

### समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करते है स्वयंसेवक : करुणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई द्वारा 24 सितंबर रासेयो स्थापना दिवस प्राचार्य करुणा दुबे निर्देशन एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद एवं अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन एवं राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में करुणा दुबे प्राचार्य, डॉ रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी मंचस्थ रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत भाषण में राजेश्वरी सोनी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना क्या है एवं रासेयो स्थापना के महत्ता को बारीकी से बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को अपने प्रतिभा को पहचानने का मंच प्रदान करता है। प्राचार्य करुणा दुबे ने स्वयंसेवकों को रासेयो में होने वाले नियमित गतिविधि जैसे विभिन्न जागरूकता अभियान एवं समाज सेवा का कार्य में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निस्वार्थ भाव से निभाते है और लोगों में सकारात्मक सोच पैदा कर जागरूक करने का प्रयास करते है, जो एक महत्वपूर्ण कार्य होता है, जिससे वह समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकता है। डॉ रीता पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य अपने राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना है तथा एक विकसित भारत के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद की सोच को भी विकसित करना है तथा युवा वर्ग को श्रम के माध्यम से अपने राष्ट्र को विकसित करना है।

कार्यक्रम में स्थापना दिवस पर स्वयंसेवक मनोज देवांगन ने साहित्यिक प्रस्तुति दिया। साथ ही सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत रासेयो देशी खेल का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत वरिष्ठ स्वयंसेवक द्वारा रासेयो देशी खेल राम-रावण, ऐसे कैसे, रुमाल झपट्टा, कितने भाई कितने खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयंसेवक गरिमा परमार, लिलेश्वरी मिर्धा, भारती ध्रुव, सुष्मिता ध्रुव, उर्वशी विश्वकर्मा, लक्ष्मी भारती, विजय ब्रम्हे, गोरेलाल चतुर्वेदी, जनक साहू, कामता प्रसाद, मोहित ध्रुव, समीर सेवई, धनराज चतुवेदी सहित अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज देवांगन

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप चौहान पिता गोपाल चौहान निवासी ग्राम खम्हारपाली तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माता गोमती का जन्म दिनांक 26.04.1966 को ग्राम ईच्छापुर में हुआ हैं। उक्त जन्म का पंजीयन नही हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 26.09.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 19.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

# युवाओं को राजनीति में आगे आना होगाः कमल



बागबाहरा। 22 सितंबर को अग्रवाल समाज बागबहरा द्वारा अग्रसेन जयंती पर बागबहरा मुख्य मार्ग पर अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरसिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कमल गर्ग थे। अध्यक्षता वरिष्ठ व्यवसायी संतोष अग्रवाल ने की। शोभा यात्रा का स्वागत मुख्य मार्ग पर ब्राह्मण समाज, गुजराती समाज, मुस्लिम समाज, सिख समाज एवं अन्य संगठनों द्वारा किया गया। अग्रवाल समाज द्वारा सुबह महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर खालती विधायक द्वारका यादव सहित सिख समाज लखबीर सिंग छाबड़ा, गुजराती समाज से जयकांत गंडेचा, जैन समाज से राजकुमार जैन, कुशल जैन, आकाश जैन, नरेश जैन, ब्राह्मण समाज से मान हरीश पांडे, दानवीर शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, रूपेश तिवारी मसीही समाज के फादर एवं बागबहरा नगर के वरिष्ठ व्यवसायी भी सम्मिलित होकर अग्रवाल समाज को अग्रसेन जयंती की शुभकामनाएं दी। अग्रसेन जयंती के मुख्य समारोह में खरसिया नगर पालिका के अध्यक्ष कमल गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने अग्रवालो की राजनीति में घटती रुचि पर चिंता जताते हुए युवाओं को सक्रिय राजनीति से जुड़ने की सलाह दी। अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती के अवसर पर 13 सितंबर से 22 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। मुख्य समारोह में इंटरस्कूल चैंपियंस ट्रॉफी कार्मल स्कूल को प्रदान किया गया एवं सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हैंडबॉल में इंसा फातिमा ने जीता रजत पदक

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल की छात्रा इंसा फातिमा पिता सैय्यद इमरान अली ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा में रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।
इंसा फातिमा 14 वर्ष अंडर बालिका वर्ग जगदलपुर में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में पूरे शौर्य, आक्रामकता से खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। इंसा के अथक परिश्रम से रजत पदक हासिल हुआ। इस उपलब्धि से परिवार जन पिता सैय्यद इमरान अली, माता रूबीना कौसर, बहन इरम फातिमा एवं संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, संस्था के शिक्षण समिति मेंबर, समस्त शिक्षकगण हर्षित हुए। खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर विद्यालय के खिलाड़ियों को खेल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं।



### कर्मा सदन में हुआ शेर परिक्षेत्र अध्यक्ष का चुनाव

**महासमुंद।** प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर कर्मा सदन महासमुंद में शेर परिक्षेत्र के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। जिसमें शेर सरपंच प्रतिनिधि हरेंद्र साहू अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष केतन साहू, महिला उपाध्यक्ष चुनेश्वरी राजू साहू, संगठन सचिव मोती साहू, महिला संगठन सचिव सुशीला साहू निर्वाचित हुए। उक्त निर्वाचन कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी तुलस साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ सुंदर लाल साहू, टीकम साहू, अधिवक्ता नूतन साहू, कमल नारायण साहू, टेकराम साहू, अजय साहू, दिग्विजय डिग्गी साहू, महेंद्र साहू, यशवंत साहू, वरुण साहू, गिरधर साहू, लोकेश साहू आदि मौजूद रहे।

### बोधनलाल चंद्राकर का निधन



**महासमुंद।** चरौदा बांध निवासी बोधनलाल चंद्राकर (90) का निधन हो गया। वे नरेश चंद्राकर (सेवा निवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी), संतोष चंद्राकर (शाखा प्रबंधक जिला सह. के.बैंक सिरपुर) के पिता व मनीषकुमार, रजत, रितु, प्रिया, नीलम चंद्राकर के दादा थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुये।

# समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत : चातुरी

## गांड़ा समाज सरायपाली-बसना की बैठक हुई, विधायक चातुरी नंद एवं पूर्व विधायक रामलाल चौहान रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

स्थानीय नवीन विश्राम गृह में गांड़ा समाज सरायपाली-बसना के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में सरायपाली विधायक चातुरी नंद एवं पूर्व विधायक तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज के प्रांताध्यक्ष रामलाल चौहान, सरायपाली ब्लाक अध्यक्ष दयानंद तांडी, बसना ब्लॉक अध्यक्ष उदयराम चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में समाज की जनगणना कराने, शैक्षणिक उत्थान, बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने, सामूहिक विवाह जैसे आयोजन, समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण तथा नई पीढ़ी को संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक चातुरी नंद ने अपने संबोधन में समाज की एकता और प्रगति पर बल देते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जब हम सब मिलकर कदम बढ़ाते हैं तो शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान की दिशा में नई ऊंचाइयाँ हासिल करना आसान हो जाता है। मुझे विश्वास है कि गांड़ा समाज अपनी सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र और राज्य दोनों में नई पहचान बनाएगा। विधायक चातुरी नंद ने यह भी कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए विशेष समिति गठित करने और छात्रवृत्ति जैसी पहल का सुझाव रखा। पूर्व विधायक एवं प्रांताध्यक्ष रामलाल चौहान ने भी समाज के उत्थान के लिए शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए और अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने समाज के युवाओं एवं महिलाओं को समाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।



बैठक में बसना ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष गौतम चौहान, नरहरी कुम्हार ब्लॉक सचिव सरायपाली, कलाराम चौहान ब्लॉक कोषाध्यक्ष सरायपाली, संतलाल चौहान ब्लॉक सचिव बसना, सीताराम चौहान परिक्षेत्र अध्यक्ष, रघुमणि कुम्हार परिक्षेत्र अध्यक्ष, डॉ बिरेंची बेताल परिक्षेत्र अध्यक्ष, रामलाल चौहान, गौतम चौहान, विनोद विभार, कमलप्रसाद चौहान, कमलेश चौहान, दयाराम चौहान, कुशाल सिंह चौहान, कैलाश ताडी, घासीराम चौहान, चेतराम चौहान, फूलसिंह चौहान, इंद्र कुमार सहित समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर समाज की एकजुटता बनाए रखने एवं संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## कार्यक्रम : बागबाहरा के लालपुर में बनाया गया है सामाजिक भवन

# पदाधिकारियों का हुआ चयन, साहू सदन भवन का भी हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा लालपुर स्थित नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण व सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र न. 4 का वार्षिक अधिवेशन हुआ। प्रथम सत्र में सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में मां कर्मा पूजन आरती हुई। पश्चात समाज के समाज रत्नों व अन्य परिक्षेत्र से आए पदाधिकारियों सम्मान किया गया। समाज की दशा दिशा व तात्कालीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष देवेश साहू के कार्यकाल में हुए अनेक उपलब्धियों पर भूरी-भूरी प्रसंशा की गई।

इसी क्रम में चुनाव अधिवेशन के अंतर्गत सामाजिक प्रक्रिया में आय-व्यय की जानकारी ऑडिटर मिलन साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमे अब तक हुए रचनात्मक-सृजनात्मक कार्यो, उपलब्धियों, मदवार खर्च की सम्पूर्ण ब्यौरा दिया गया। जिसे उपस्थित समाज द्वारा शांति पूर्ण ढंग से सुना गया, जिसे संतुष्ट होकर आय-व्यय और उपलब्धियों पर सराहना किया गया। द्वितीय सत्र के आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव व जिला अध्यक्ष धरम दास साहू की उपस्थिति में नवनिर्मित साहू सदन भवन का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण पश्चात मुख्य मंच में मां कर्मा के तैल चित्र में अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन पश्चात उनका स्वागत अभिनन्दन का कार्यक्रम विधिवत हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला साहू संघ अध्यक्ष धरम दास साहू, अति विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा, विशिष्ट अतिथि भेखलाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बागबाहरा, विशेष अतिथि मूलचंद साहू अध्यक्ष सुरमाल क्रमांक 1,




प्रेशन साहू अध्यक्ष सुरमाल क्रमांक 2, तुलसी राम साहू अध्यक्ष सुरमाल क्रमांक 3, सेवा राम साहू अध्यक्ष जय मां खल्लारी परिक्षेत्र, खेमराज साहू अध्यक्ष सिंघी परिक्षेत्र, भुवन साहू अध्यक्ष तेंदूकोना परिक्षेत्र, राजेंद्र साहू अध्यक्ष टेमरी परिक्षेत्र, रूखमणी विश्वनाथ साहू जनपद सदस्य बागबाहरा, रमेश ठाकुर पार्षद वार्ड नं.6, मेनका पोखराज साहू पार्षद वार्ड नं.8, प्रेम साहू पार्षद वार्ड नं.11, शैलेश साहू पार्षद वार्ड नं. 4, काजल गजेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिहाझर, लिलेश्वर साहू सरपंच ग्राम पंचायत बकमा, गणेश शर्मा, ताम्रध्वज बघेल रहे। सर्वप्रथम सुरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 4 के अध्यक्ष देवेश साहू द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए साहू समाज के संगठन, न्याय प्रणाली प्रक्रिया और समाज द्वारा रचनात्मक कार्यो की उपलब्धियों की प्रसंशा की गई। उन्होंने कहा कि साहू समाज ओबीसी समाज का सबसे बड़ा समाज है, जिसके कारण अन्य ओबीसी समाज के लोगों को लाभ मिलता है, कोई भी समाज तभी उन्नति करता है, जब वहां शिक्षा, व्यापार पर ध्यान केंद्रित कर आगे बढ़ा जाए, जिसमे साहू समाज अग्रणी भूमिका निभाए। ताकि, समाज के नए पीढ़ी में बदलाव आ सके। चूंकि, बागबाहरा मुख्यालय है, इसके लिए दूरदराज के बच्चों के लिए आवासीय भवन की सुविधा की ओर ध्यानाकर्षण करना बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम अध्यक्ष धरम दास साहू ने अपने व्यक्तव्य में साहू समाज द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर बदलाव लाकर आगे बढ़ने की दिशा में बल दिया। उन्होंने कहा कि खर्चीली विवाह, मृत्यु भोज की विसंगतियों से हटकर आज समाज के प्रबुद्धजन सामूहिक आदर्श विवाह और शांति भोज में आगे बढ़े और उसका लाभ मिला, जिससे प्रेरित होकर शासन ने भी उसे अपनाया। साथ ही अन्य समाज भी प्रेरित हुए। यह साहू समाज की उपलब्धि है। उद्बोधन की कड़ी में अति विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आपके बीच हूं, हम सब मिलकर सामाजिक समरसता को बल देते हुए सभी समाज के लिए काम करेंगे। समाज में शिक्षा, जागरण करते हुए आने वाली पीढ़ियों को मजबूत बनाए।

सभी वक्ताओं द्वारा क्रमशः आशीर्वचन प्रदान किया गया। सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 4 द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह फल प्रदान कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने पर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव प्रक्रिया के पूर्व तत्कालीन पदाधिकारियों का कार्यकारिणी भंग कर नए कार्यकारिणी गठन के लिए घोषणा किया गया। चुनाव प्रक्रिया का पालन करते हुए नामांकन, आपसी समन्वय, स्थापित करने का समय प्रदान किया गया। जिसमें विभिन्न पदों के लिए फार्म भरा गया। सुरमाल साहू समाज परिक्षेत्र क्रमांक 4 के लिए अध्यक्ष मिलन साहू बकमा, उपाध्यक्ष पुरुष के लिए चेतन साहू जामगांव, उपाध्यक्ष महिला पदमनी साहू भालुचुंवा, संगठन सचिव पुरुष सुंदर साहू मौलीमुड़ा, संगठन सचिव महिला काजल गजेंद्र साहू बिहाझर निर्वाचित हुए। निर्वाचन और लोकार्पण कार्यक्रम में प्रेम साहू अध्यक्ष सुरमाल क्रमांक 3, रामनारायण साहू अध्यक्ष तेंदुकोना परिक्षेत्र, चंद्रहास साहू, डॉ सदा राम साहू, चिंता राम साहू, बृज गुरुजी, केशव साहू, लालजी साहू, शिव साहू, कोमल साहू, मूलचंद साहू, मुंशी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने समाज रत्न सालिक राम साहू, कुंवर साहू, मोहन साहू, रेवा राम साहू, तुला राम साहू, संरक्षक पोखराज साहू, नेहरू साहू, डॉ लक्ष्मण साहू उपेंद्र साहू, डोंगर साव, छबि लाल साहू, ओमप्रकाश साहू, सुनीता साहू, हुलसी साहू, रूखमणी साहू, पदमनी विनोद साहू, सुमन साहू, धनेश्वरी साहू, वीणा साहू, सुरेंद्र संजू साहू, सुखदेव साहू, झड़ी राम साहू, पुनीत राम साहू, गिरधर साहू, जनक राम साहू, ओमप्रकाश साहू, गेंद राम साहू, डेरहा साहू, शांता राम साहू, रामशरण साहू, राधे साहू, हिराधर साहू, राजकुमार साहू, बसंत साहू, सालिक राम साहू, भाविक सारवा, युगांश साहू, ज्ञान प्रकाश साहू, जितेंद्र साहू, सनत साहू, किशन साहू, केतन साहू, सोमनाथ साहू, शशि साहू, प्रेम साहू, खूबचंद साहू, विनोद साहू, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के अन्य पदाधिकारी, महिला पदाधिकारी, युवा साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। इसकी जानकारी देवेश साहू ने दी।

# जय खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

जय खल्लारी परिक्षेत्र साहू समाज का कार्यकारणी चुनाव ग्राम खुटेरी में हुआ। उक्त निर्वाचन में चंदूलाल साहू खल्लारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वही उपाध्यक्ष पुरुष पद पर अलख राम साहू, उपाध्यक्ष महिला ममता संजय साहू, संगठन सचिव पुरुष हेमन साहू, संगठन सचिव महिला भुनेश्वरी पुरुषोत्तम साहू निर्वाचित हुए।

ग्राम खुटेरी में पूरे चुनाव प्रक्रिया के दौरान विशेष रूप से निर्वाचन अधिकारीयों में भुवन साहू, दुबेलाल साहू, प्रेसन साहू और एवन साहू, गिरवर साहू द्वारा निर्वाचन कार्य हुआ। जहां निर्वाचन पूर्व परिक्षेत्र कार्यकारिणी की सभा हुई। जिसके सभापति समाज रत्न बलिराम साहू रहे। सभापति ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा को तहसील संरक्षक भुवन साहू, परिक्षेत्र संरक्षक चमन लाल साहू व सभापति ने संबोधित किया। निवर्तमान अध्यक्ष सेवाराम साहू ने उद्बोधन के साथ कार्यकारणी भंग करने की घोषणा की। तत्पश्चात परिक्षेत्र के 197 मतदाताओं में 189 उपस्थित होकर मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान पश्चात मतदान अधिकारियों ने मतगणना कर परिणाम घोषित किए। उपस्थित समाजिकजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन युगलकिशोर साहू ने किया।

कार्यक्रम में देवक राम साहू, कमल साहू, सदाराम साहू, कलाराम साहू, जगदीश साहू, खूबलाल साहू, खेमराज साहू, वेणु साहू, टीकम साहू, सारकेश साहू, अजय साहू, हितेश साहू, गंगुराम साहू, धनेश्वर साहू, पिंटू साहू, प्रमोद साहू, अनिल साहू, संतोष साहू, धनेश्वर साहू, देवनारायण साहू, रतन साहू, तारेश साहू, मिल्लुराम साहू, विजय साहू, सुजीत साहू, संजय साहू, भीमा साहू, मनोज साहू, खिलेश साहू, गया साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, रूपचंद साहू, रोशन साहू, रामकुमार साहू, शुभम साहू, तोषण साहू, अवध साहू, एसवंत साहू, होमन साहू, हीरालाल साहू, देवसिंग साहू, अभिषेक साहू, प्रहलाद साहू, कन्हैयालाल साहू, खिलेश साहू, टिकेश्वर साहू, बिंदु साहू, निर्मला साहू, देवकी साहू, लक्ष्मी साहू आदि उपस्थित रहे।

### बसना में पेंशन भवन का लोकार्पण 28 को

**बसना।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना द्वारा निर्मित पेंशन भवन का लोकार्पण आगामी रविवार, 28 सितंबर 2025 को किया जाएगा। संघ द्वारा जारी जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे पेंशन भवन परिसर (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास) में आयोजित होगा। इस अवसर पर पेंशनर वर्ग सहित सभी आमंत्रित महानुभावों को समय पर उपस्थित होने का निवेदन किया गया है। आयोजन से जुड़े शेष कार्यक्रम पूर्व में जारी आमंत्रण पत्रानुसार संपन्न होंगे। यह जानकारी प्रांतीय प्रचार सचिव आरबी प्रधान ने दी है।

# संवैधानिक संस्थाओं पर हमला रोकने और लोकतंत्र की रक्षा करने हुई बैठकः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जो भारत की स्वतंत्रता संग्राम की प्रतीक है, ने बिहार की राजधानी पटना के सदाकत आश्रम में अपनी कार्यकारी समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक का आयोजन किया। अंकित ने बताया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की इस विस्तारित बैठक में अनेक निर्णय लिए गए। जिसमें वोट चोरी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियानः राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट में हेराफेरी से लाखों वोटरों को वंचित किया जा रहा है।

पार्टी ने 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 5 करोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू करने की घोषणा की। देश में वर्तमान समय में युवा पलायन, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को प्रमुख मुद्दा बताया। बैठक में दूसरा मुख्य बिंदु



संवैधानिक संस्थाओं पर हमला रोकना और लोकतंत्र की रक्षा। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1940 के रामगढ़ अधिवेशन का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान सभा के प्रस्ताव के 85 वर्ष बाद आज चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

बैठक में भाजपा पर संस्थागत साजिश का आरोप लगाते हुए प्रस्ताव पारित किया गया कि 'एक व्यक्ति, एक वोट' के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया हो। साथ ही रोजगार, प्रवासन और सामाजिक न्याय के तहत आसन्न बिहार चुनाव में युवाओं के पलायन को रोकने के लिए 2 करोड़ नौकरियां सृजन का लक्ष्य रखा गया। एससी/एसटी/ओबीसी और महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण और योजनाओं पर जोर दिया गया। अतिपिछड़ा समाज को मज़बूत बनाने और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' में ठोस वादे किए हैं। साथ ही तीसरा प्रमुख बिंदु राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को तोड़ने का काम कर रही विघटनकारी शक्तियों से निपटने का काम भी करने का निर्णय लिया गया। पार्टी ने सदाकत आश्रम को स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बताते हुए इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग की गई। अंत में यह बात सामने आई कि यह बैठक कांग्रेस के पुनरुत्थान का प्रतीक बनेगी, जहां 1912 के पटना अधिवेशन से नेहरू का उदय और 1940 के रामगढ़ से सविनय अवज्ञा की नींव की यादें ताजा हुईं। खड़गे ने कहा कि बिहार की मिट्टी से क्रांति की जड़ें मजबूत होती हैं। हम लोकतंत्र को बचाने और बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा, यह दूसरी आजादी की लड़ाई है, जहां हर वोटर का अधिकार सुरक्षित होगा।

## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 308 ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन

**महासमुंद।** जनजातीय कार्य मंत्रालयद्वारा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित विशेष आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के धरती आबा योजना अंतर्गत चयनित 308 ग्रामों में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। सभी 308 ग्रामों में आदि सेवा केंद्रों पर बुधवार को राजस्व विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र सहित नामांतरण, बंटवारा आदि राजस्व संबंधी आवेदनों को प्राप्त किया गया। अभियान का उद्देश्य व्यक्ति मूलक, परिवार मूलक एवं सामुदायिक विकास के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। इस अभियान के अंतर्गत इन ग्रामों के विकास के लिए ग्राम स्तर पर ही आदि सहयोगी एवं साथियों की टीम जो स्वयं अपने ग्राम एवं समुदाय के विकास के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी देते हुए कार्य योजना बनाने का काम करेंगे। इसी अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व का आयोजन भी इन ग्रामों में किया जा रहा है। सेवा पर्व के समापन अवसर पर 2 अक्टूबर को जिले के सभी विभागों की भागीदारी से स्वच्छता अभियान, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जनभागीदारी से सोख्ता निर्माण एवं आदि शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।




## माता कर्मा महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसबी कुमार के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की समस्त छात्राएं एवं प्राध्यापकगण द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का प्रारंभ प्राचार्य द्वारा स्वच्छता शपथ दिला कर किया गया। शपथ के साथ प्राचार्य ने छात्राओं को उद्बोधित किया कि महात्मा गांधी स्वयं पहले किसी भी कार्य को करते थे। फिर दूसरों को कहते थे उसमें स्वच्छता प्रमुख है हम सभी को अपने घर, मोहल्ले, आसपास में सफाई रखनी चाहिए। स्वच्छता बनाए रखने से शरीर भी स्वस्थ रहता है। स्वच्छता के अंतर्गत महाविद्यालय की पुष्प वाटिका महाविद्यालय प्रांगण में गमलों को व्यवस्थित किया गया। परिसर की साफ सफाई की गई। अनावश्यक उगे खरपतवार की कटाई की गई। महाविद्यालय में लगातार एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत भी पौधरोपण किया जा रहा है। अरविंद साहू द्वारा लगभग 200 नीम के पौधे परिसर में लगाये जा चुके है। इस स्वच्छता अभियान में स्वयं प्राचार्य एसबी कुमार, प्राध्यापक डॉ मनोज शर्मा, अरविंद साहू, डॉ स्वेतलाना नांगल, डॉ सरस्वती वर्मा, डॉ चित्रलेखा, ओंकार साहू, गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ चित्रलेखा डॉ लोकनाथ तारक, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, चमन आदिले, भावेश चंद्राकर, कमिन, अहिल्या लहरे एवं महाविद्यालय की समस्त छात्राएं मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

